>

Title: Reported death due to malaria and diarhoea in Hoshangabad district in Madhya Pradesh.

श्री उदय प्रताप सिंह (होशंगाबाद): सभापति महोदय, मैं आपका ध्यान मध्य प्रदेश की बहुत बड़ी घटना, जो एक समस्या बन गई है, की ओर दिलाना चाहता हूं। मध्य प्रदेश में पिछले दिनों मलेरिया और डायरिया से अनेक मौतें हुई हैं। स्वयं मेरे संसदीय क्षेत्र नरसिंहपुर (होशंगाबाद) में 5-6 लोगों की जानें गई हैं। सोहागपुर एवं पिपरिया के पास मलेरिया और डायरिया का भीषण प्रकोप है। प्रशासन इसे सामान्य मौत बताकर अपना पल्ला झाड़ रहा है। प्रदेश के मुख्यमंत्री कानून और व्यवस्था भगवान भरोसे छोड़ कर पूजा-पाठ में लगे हैं। वे केवल भाषणबाजी कर रहे हैं। धरातल पर कोई काम नहीं हो रहा है। गांव में बीमारी से लोग मर रहे हैं। भोपाल शहर में दिन-दहाड़े करोड़ों रुपये की लूट होती है, अनेक शहरों में लूट एवं हत्याएं हो रही हैं और प्रशासन मूकदर्शक बना है।

आपके माध्यम से प्रार्थना है कि मध्य प्रदेश की भारतीय जनता पार्टी की सरकार को केन्द्र से कड़ी चेतावनी जानी चाहिए कि वह गरीबों और किसानों का ख्याल रखे, व्यापारियों की सुरक्षा की व्यवस्था करे, महिलाओं की आबरू बचाए, भूख और गन्दे पानी से छोटे बच्चों की होने वाली मौतों को रोके।

मध्य प्रदेश की सरकार अक्षम साबित हो रही है। उसे समय पर जगाना जरूरी है, अन्यथा प्रदेश के निवासियों को गर्त में जाने से कोई नहीं रोक सकता। इससे सारे अखबार रंगे हुए हैं। पत्रिका में...(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN: Now, Shri C. Sivasami.